"धान की उन्नत खेती: कृषक प्रशिक्षण एवं बीज वितरण " कार्यक्रम गांव राजपुर ब्लॉक खैर जिला अलीगढ़ में संपन्न

गांव राजपुर ब्लॉक खैर, जिला अलीगढ़ में एक दिवसीय "धान की उन्नत खेती: तकनीकी प्रशिक्षण एवं बीज वितरण" कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली द्वारा दिनांक 3 जून 2023 को आयजित किया गया। इस अवसर पर पूसा संस्थान के मुख्य निदेशक डॉ ए के सिंह मुख्य अतिथि थे तथा संयुक्त निदेशक प्रसार, डा आर एन पडरिया विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों में डा दिनेश कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, सस्य विज्ञान विभाग; डा विष्णु माया, वरिष्ठ वैज्ञानिक, पादप रोग विभाग; डा अंचल दास, प्रधान वैज्ञानिक, सस्य विज्ञान तथा डा शशांक, वैज्ञानिक, कीट विज्ञान विभाग ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डा नफीस अहमद, प्रधान वैज्ञानिक, कैटैट ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए संस्थान के निदेशक डा सिंह ने किसानों को बासमती धान की उन्नत किस्मों के बारे में बताया तथा धान की खेती के लिए उन्नत तकनीकी की जानकारी दी। संयुक्त निदेशक प्रसार डा पडरिया ने किसानों को संबोधित करते हुए उन्हें किसान संगठन बनाने पर जोर दिया तथा वैज्ञानिक सोच के साथ पारंपरिक विधियों को अपनाकर स्थानीय संसाधनों को संरक्षित रखने पर बल दिया। उपस्थित वैज्ञानिकों ने अपने प्रशिक्षण व्याख्यान में किसानों को धान की उन्नति खेती के गुण सिखाए जिसमे प्रमुख रूप से धान की सीधी बिजाई तकनीकी, स्वस्थ पौध तैयार करने की विधि, फसल सुरक्षा एवं प्रबंधन, इत्यादि थे।

इसके साथ साथ निदेशक महोदय ने किसानों को धान की उन्नत प्रजाति के बीजों का वितरण भी किया। मौके पर किसानों ने खेती संबंधी अपनी समस्या बताई जिसका वैज्ञानिकों ने समाधान भी बताया।